## सार-समाचार

### स्पंदन 2024 सांस्कृतिक महोत्सव शुरू



**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल विवि की ओर से आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव 'स्पंदन 2024' का उद्घाटन हुआ। फेस्टिवल का उद्घाटन विवि के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल,प्रिसिडेंट डॉ. एम.एम. मंगल,पीएमसीएच के डीन डॉ. उम्मेद सिंह परिहार,डेन्टल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.रवि कुमार,नर्सिंग कॉलेज के डीन डॉ.के.सी. यादव,फिजियोथेरेपी कॉलेज के डॉ.जफर खान,ऑक्यूपेशनल थेरेपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.विशाल शर्मा,असिस्टेंट डीन स्टूडेंट वेलफेयर नीरज चपलोत और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ईशा श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर डॉ.एम.एम.मंगल ने कहा कि इस फेस्टिवल का आयोजन 14 नवम्बर तक किया जाएगा और इसमें विवि के मेडिकल, डेन्टल, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी और पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। स्पंदन 2024 न केवल एक सांस्कृतिक महोत्सव है, बल्कि यह छात्रों के बीच भाईचारे, एकता और विविधता का प्रतीक भी बनता है। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें रंगोली, सोलो डांस, कविता पाठन, अन्ताक्षरी, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता, हास्य प्रतियोगिता, पेंटिंग, क्विज कॉम्पिटिशन, एकल गायन, फैशन शो, ठुप डांस और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन 14 नवम्बर को होगा। असिस्टेंट डीन स्टूडेंट वेलफेयर नीरज चपलोत ने कहा कि छात्रों के बीच समग्र कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करने का एक शानदार प्रयास है।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र वरणी का निरीक्षण

**उदयपुर,(कासं)।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत जिले के भींडर ब्लॉक के पीएचसी हींता के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र वरणी का राष्ट्रीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि राज्य स्तर से गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में प्रमाणित होने पर राज्य सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर वरणी को भारत सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण हेतु आवेदन किया था जिससे भारत सरकार द्वारा डॉ जतिन भट्ट और डॉ अलिशा दुबे को निरीक्षण करने के लिए उदयपुर भेजा गया।टीम ने मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र वरणी के सभी विभागों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार निरीक्षण किया।डॉ बामनिया ने बताया कि आगामी समय में ज़िले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वा केंद्रों का नेशनल क्वालिटी ऐस्यूरेंस प्रमाणीकरण करायेंग। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र की साफ.सफाईए बायोवेस्ट मैनेजमेंटए निशुल्क जांचए निशुल्क दवा वितरणए उपकरणों की उपलब्धता एमानव संसाधन आदि मानकों पर निरीक्षण किया गया।पीएचसी हींता के चिकित्सा प्रभारी डॉ रीना बंशीवाल ने संस्थान पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।उप स्वास्थ्य केन्द्र वरणी के सीएचओ अम्बा लाल मीणा और एएनएम पूजा प्रजापत ने सभी मापदण्डो को बारीकी और विस्तार से रिकार्ड सहित बताया। राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणीकरण होने पर संस्थान को प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक के रुप में एक लाख 26000रुपये प्रति वर्ष तीन वर्ष तक मिलेंगे।

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) ने अपने पहले वर्ष के एमबीबीएस छात्रों का स्वागत करते हुए एक प्रेरणादायक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 250 नए छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया, जो उनके चिकित्सा पेशे की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक बना। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मनजिंदर कौर, अतिरिक्त प्राचार्य, जीएमसीएच, द्वारा शैक्षणिक मार्गदर्शन के साथ हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को अकादमिक ढांचे से परिचित कराया और उनकी पढाई में मेहनत और समर्पण के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. हरप्रीत सिंह ने अस्पताल की संरचना और चिकित्सा सुविधाओं का परिचय दिया, जो छात्रों की व्यावहारिक शिक्षा में सहायक होंगी।कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र जींगर, प्रोफेसर और मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख, ने रैगिंग के खिलाफ जागरूकता और जीएमसीएच की सख्त एंटी-रैगिंग नीति पर प्रकाश डाला, जिससे छात्रों में एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण की भावना का संचार हुआ। जीएमसीएच की डीन डॉ. संगीता गुप्ता और कुलपति डॉ. राकेश व्यास ने छात्रों को बधाई दी और उन्हें संस्थान और चिकित्सा पेशे में स्वागत किया। डॉ. व्यास ने चिकित्सा क्षेत्र में करुणा, सहानुभूति और सेवा के महत्व पर जोर दिया।

### अवैध गांजे के पौधे जब्त

**उदयपुर,(कासं)।** कोटड़ा थाना एवं डीएसटी पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए तीन क्विंटल सेअधिक अवैध गांजे के हरे पौधे जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह, कोटडत्रा थानाधिकरी अशोककुमारसिंह एवं डीएसटी टीम प्रभारी धनपतसिंह मय टीम ने टिकमा पुत्र नरसा निवासी उपली सुबरी के खेत पर दबीश देकर 295.30 किलोग्राम हरे गांजे के पौधे तथा बसा पुत्र विनिया निवासी उपली सुबरी निवासी के खेत पर दबीश देकर 17.900 किलेग्राम अवैध गांजे के पौधे जब्त कर बसा को गिरफ्तार किया।

# 'निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान प्रक्रिया से लोकतंत्र को मजबूत करें'

**सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में मतदान आज**



राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त करते मतदान दल।

**उदयपुर, (कासं)।** विधानसभा उपचुनाव 2024 के तहत सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में मतदान 13 नवम्बर को होगा। इसके लिए मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण मंगलवार को चुनाव प्रेक्षक जे विजयारानी, जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल की उपस्थिति में सूरजपोल स्थित राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण उपरान्त मतदान दलों ने आवंटित बूथों के लिए प्रस्थान किया। दोपहर पश्चात दलों के मतदान केंद्रों पर पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो गया। दलों ने बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। मतदान 13 नवम्बर को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा। इससे पूर्व प्रत्याशियों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉक पोल होगा।

मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी पोसवाल ने कहा कि भारत की निर्वाचन प्रक्रिया दुनिया के लिए अध्ययन का विषय रही है। मतदान कर्मी पूर्ण आत्मविश्वास के साथ कार्य करें तथा निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराते हुए लोकतंत्र को मजबूत प्रदान करें। उन्होंने कार्मिकों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने तथा चुनाव प्रक्रिया को दुषित करने वाली गतिविधियों से दूर रहते हुए आमजन में निष्पक्ष निर्वाचन का भरोसा कायम रखने की भी हिदायत दी। इससे पूर्व आरक्षित सहित कुल 363 मतदान दलों का प्रशिक्षण फतह स्कूल मैदान में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी जितेंद्र ओझा, सहप्रभारी डॉ महामायाप्रसाद चौबीसा आदि ने मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आर्ब्जवर को दायित्व और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। कार्मिकों को प्रशिक्षण उपरान्त रवानगी से पूर्व प्राप्त की जाने वाले सामग्री से लेकर मतदान केंद्र पर पहुंचकर प्रारंभिक तौर पर की जाने वाले तैयारियों, मॉक पॉल, मुख्य मतदान प्रक्रिया, मतदान समाप्ति पश्चात ईवीएम-वीवीपेट संधारण, मतदान केंद्र से मुख्यालय वापसी तथा सामग्री जमा कराने तक की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। मतदान प्रक्रिया से जुडे प्रपत्रों के संधारण की भी जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी वारसिंह, सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, डीआईजी स्टाम्प राजीव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। विधानसभा उपचुनाव के तहत बुधवार को सलूम्बर क्षेत्र में प्रस्तावित मतदान प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए मतदान दल फतह स्कूल से रवाना हुए। अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात दलों ने वहां बने काउंटर से ईवीएम, कंट्रोल यूनिट, वीवीपेट सहित मतदान से जुडी सभी सहायक सामग्री प्राप्त की। इसके बाद कार्मिक सामान उठाकर उत्साह के साथ आवंटित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए।

**डूंगरपुर संवाददाता के अनुसार** : चौरासी विधानसभा में बुधवार को मतदान को लेकर फाइनल ट्रेनिंग के बाद मतदान दलों को सुरक्षा के बीच रवाना कर दिया गया। 251 मतदान दलों के साथ 2000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। डूंगरपुर की चौरासी विधानसभा उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए मंगलवार को फाइनल प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को सुरक्षा के बीच रवाना कर दिया गया। 251 मतदान दलों के साथ 2000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने मतदानकर्मियों को निष्पक्ष रूप से मतदान करवाने के निर्देश दिए। वहीं शत प्रतिशत मतदान की अपील की है। चौरासी विधानसभा उपचुनाव के लिए डूंगरपुर के श्री भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय से मतदान दलों की रवानगी की गई। चौरासी में 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए चौरासी विधानसभा क्षेत्र में कुल 251 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## उपराष्ट्रपति 16 को कोटडा में

**उदयपुर, (का.स.)।** राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद कोटड़ा की ओर से भगवान बिरसा मुंडा जयंती (जनजाति गौरव दिवस) के उपलक्ष्य में 16 नवंबर को प्रातः 11 बजे वनवासी कल्याण आश्रम प्रांगण कोटडा में जनजाति गौरव महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के घेवरचंद ने बताया कि जनजाति गौरव महोत्सव में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड मुख्य अतिथि होंगे।

कार्यक्रम में वनवासी कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ए कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ प्रचारक भगवान सहाय और राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री बाबुलाल खराड़ी भी उपस्थित रहेंगे।

# होमगार्ड जवान के साथ युवक व परिजनों ने की मारपीट

**दंपति गिरफ्तार, युवक फरार**

**उदयपुर,(कासं)।** सीट बेल्ट नहीं लगाने पर काम को रोक कार्यवाही करने का एतराज करने पर युवक व उसके परिजनों ने होमगार्ड जवान के साथ मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने दंपत्ति को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 12 नवंबर को स्वराज नगर माछला मगरा हॉल होमगार्ड जवान मानसिंह पुत्र चमनसिंह ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि पटेल सर्कल पर यातायात पुलिस हेड कांस्टेबल मगनलाल के साथ ड्यूटी करते हुए राजकार्य कर रहा था। इस दौरान वैन चालक बिना सीट बेल्ट लगायेहुए वैन लेकर आया। वैन के आगे की सीट पर एक महिला भी बैठी थी उसने भी सीट बेल्ट नहीं लगा रखा था। कार को रोक एतराज करने पर पति पत्नी ने निचे उतर कर मेरे साथ मारपीट कर वर्दी फाड़ दी तथा अपने पुत्र कुमेल को सूचना दी। इस पर कुमेल लठ्ठ से हमला कर मुझे घायल कर फरार हो गया।

इस मामलेमें प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी एसआई दिनेश पाटीदार, एएसआई ओमवरीसिंह, शरीफ खां, हेडकांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल भावेश, सुमेरसिंह, ओमप्रकाश, गणिराज, महिला कांस्टेबल सरोज मय टीम ने मामले में आरोपी सैय्यद मोहब्बत हुसैन उर्फ सैय्यद मोहम्मद हुसैन अली तथा खुशबु पत्नी सैय्यद मोहब्बत हुसैन उर्फ सैय्यद मोहम्मद हुसैन को गिरफ्तार किया। सैय्यद मोहब्बत हुसैन उर्फ सैय्यद मोहम्मद हुसैन के खिलाफ करीब एक दर्जन अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

इस मामले में सैय्यद जोएब उर्फ कुमेल फरार है। जिसके खिलाफ करीब छह से अधिक अपराधिक प्रकरण विभिन्न पुलिस थानो में दर्ज है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। सूत्रों से पता चला कि इस मामले में फरार सैय्यद जोएब उर्फ कुमेल की 13 नवंबर को शादी होने से परिजन खरीददारी करने के लिए बाजार जा रहे थे। जहां बीच रास्ते में विवाद हो गया।

# राजस्थान के 20 हजार से ज्यादा खनन पट्टों को सुप्रीम कोर्ट से राहत, एडीएम दीपक तंवर के प्रयास रंग लाए

**उदयपुर, (कासं)।** प्रदेश में अप्रधान खनिज के 0 से पांच हैक्टेयर तक के 20 हजार से ज्यादा खनन पट्टों, क्वारी लाइसेंस के सीया से री-अप्रजेल कराने की डेडलाइन से इन खनन पट्टों पर आए संकट से राजस्थान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत के मार्गदर्शन में उदयपुर खान एवं भू विज्ञान निदेशालय के एडीएम पर्यावरण एवं विकास दीपक तंवर ने प्रभावी कार्रवाई की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने राहतभरा आदेश जारी किया।

राज्य सरकार के प्रयास से उच्चतम न्यायालय से जिलास्तरीय पर्यावरण समिति के स्थान पर राज्यस्तरीय पर्यावरण समिति से अनुमोदित कराने के राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेश को रोक लगाकर, दो सप्ताह में राज्यस्तरीय पर्यावरण कमेटी का गठन करने, फार्म दो में आवेदन के लिए तीन सप्ताह का समय बढ़ाते हुए अंतिम पर्यावरण सहमति प्राप्त करने का सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च 2025 तक समय अपने आदेश से बढ़ा दिया है। एनजीटी ने 8 अगस्त 2024 के आदेश से प्रदेश में अप्रधान खनिज से 0 से पांच हैक्टेयर की खनन पट्टों, क्वारी लाइसेंस, जिन्हें डीया द्वारा 15 जनवरी 2016 से 9 दिसंबर 2018 तक पर्यावरण स्वीकृतियां जारी की गई थी, उन्हें जयंतकुमार के प्रकरण में ओए 142/22 में एनजीटी की प्रधान बैंच नई दिल्ली द्वारा सीया से इनका री-एप्रेजल कराने के आदेश हुए थे। इसकी डेडलाइन समाप्त हो रही थी। इससे राज्य में 20 हजार खनन पट्टे बंद हो जाते और पंद्रह लाख लोगों के रोजगार पर संकट आ पड़ा था।

इसकी गंभीरता देखते हुए राज्य सरकार की ओर से खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत के मार्गदर्शन, नेतृत्व में प्रभारी अधिकारी तथा अतिरिक्त निदेशक पर्यावरण एवं विकास उदयपुर निदेशालय दीपक तंवर ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता, एडिशनल सोलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी, डबल एजी शिवमंगल शर्मा को ब्रीफ करके प्रभावी पैरवी कराने में बड़ी मदद की। इससे इन बीस हजार से अधिक खदानों को सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 तक का समय बढ़ाने के आदेश दिए गए। इस आदेश से राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली। सुप्रीम कोर्ट ने देश की अन्य राज्य सरकारों को जहां सीया का गठन नहीं हुआ है, वहां भी दो सप्ताह में सीया का गठन करने के आदेश पारित किए हैं। इसके अलावा जिन नौ हजार आवेदकों द्वारा अभी तक पर्यावरण मंजूरी के लिए आवेदन नहीं किए जा सके हैं, उनको भी आवेदन करने के लिए प्रभावी पैरवी कर तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया है।

## सार-समाचार

### सूने मकानों से जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के सविना थाना क्षैत्र में सक्रिय चोर गिरोह के बदमाश पुलिस गश्त को चकमा देकर दो मकानों के ताले तोड़ कर जेवरात व नकदी तथा केबिन से सामान एवं दिखा पिडत को चाकू दिखा मोबाईल लूटने की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। शहर में जारी पुलिश गश्त को चकमा देकर सक्रिय चोर गिरोह के बदमाश सविना थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकानों, दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी की वारदात करने एवं चाकू दिखा मोबाईल लूट की वारदात कर फरार हो गए। गत दिनों चोर गिरोह के बदमाश गश्त को चमका देकर 10 नवंबर रात में खेड़ा सर्कल सेक्टर 14सविना निवासी विनित पुत्र विष्णु वल्लभ दवे के सूने मकान का ताला तोड़ कर सोने का मंगलसूत्र, चूडिया, अंगुठियां सहित अन्य सोने व चांदी के जेवरात तथा 50 हजाररूपये नकदी चुरा ले गए। वहीं पेट्रोल पंप के पास वलिचा हॉल नेला तालाब के सामने ज्योतिनगर सविना निवासी अनिल पुत्र धर्मचंद पितलिया के सूने मकान का ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात वस 12 हजाररूपये नकदी चुरा ले गए। इसी तरह गत दिनों चोर गिरोह के बदमाश अम्बामाता घाटी स्थित सद्दाम खां पत्र इश्ताक खां के केबिन का ताला तोड़ कर चोर पान गुटखा सामठाी एवं गैस टंकी चुरा ले गए। वहीं भौमिया जी बावजी के पास सविना क्षैत्र में 9 नवंबर को अज्ञात बदमाश पीडित मोरडी घासा निवासी राजु मेघवाल पुत्र तुलसीराम मेघवाल को चाकू दिखा कर बदमाश मोबाईल लूट ले गए।

### हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने बहन की मृत्यु होने पर नाराज भाई चाकू से हमला कर जीजा को घायल कर फरार हो गए। प्रकरण के अनुसार 9 नवंबर को शांतीबाई पत्नी सोहनाल लौहार निवासी बेमला कुराबड़ ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। मेरे पुत्र कपिल ने डेढ वर्ष पूर्व भावना आमेटा निवासी ब्राम्हणों का कलवाना सायरा से प्रेम विवाह हुआ था। गर्भवती होने से 8 नवंबर को भावना को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाा। जहां उसकी मौत हो गई थी। जिसका शव एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया था। दूसरे दिन पोस्टमार्टम होने के दौरान भावना के भाई ललित व गिरीशआमेटा ने आवेश में आकर चाकू से अपने जीजा कपिल पर हमला कर फरार हो गए। प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के मार्गदर्शन के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में एएसआई शंभूसिंह, हेडकांस्टेबल लोकेश नागदा, कांस्टेबल धर्मपाल, कमलेश, राजेन्द्र मय टीम ने गठित दल ने गिरीश आमेटा, ललित आमेटा निवासी उपली सेरी हनुमान मंदिर ब्राम्हणों का कलवाना सायरा को गिरफ्तार किया।

### दुकान से माल चुराने वाले दो पकड़े

**उदयपुर,(कासं)।** हाथीपोल थानाक्षैत्र में स्थित आयरन दुकान से माल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किया। प्रकरण के अनुसार 13 अगसत को पीडित कजार अली पुत्र कय्यूम अली बोहरा निवासी बोहरवाड़ी धानमण्डी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें पीडित ने बतायाकि लौहार बाजार में बाउजी आयरन के नाम से दुकान है। मेरी दुकान पर प्रभूलाल मीणा काम करता था। 24 जुलाई को रात में दुकान से लाखों का माल चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के मार्गदर्शन के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में एएसआई शंभूसिंह, हेडकांस्टेबल हेमेन्द्रसिंह, कांस्टेबल धर्मपाल, मांगीलाल मय टीम ने रमेश पूर्बिया पुत्र नारायणलाल निवासी मोही थाना काकरोली राजसमन्द एवं केशु पुत्र लिम्बा मीणा निवासी खाडिया थाना बाघपुरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि प्रभूलाल ने स्वयं सहायता समूह से लोन लिया था। उक्त ऋण चुकाने के लिए साथी के साथ मिल कर वारदात योजना बना कर अंजाम दिया।

### कार व दुपहिया वाहन में की तोड़फोड़

**उदयपुर,(कासं)।** डबोक थाना पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ अवैध वसूली के लिए धमकाने के बावजूद रूपये नहीं देने पर उपसरपंच व पड़ोसी की कार एवं स्कूटी तोड़फोड़ करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भैसड़ा के उपसरपंच भैसड़ा कला डबोक निवासी किशनलाल पुत्र कशुलाल ने प्रवीण डांगी एवं रमेश गोस्वामी सहित साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवया। जिसमें पीडित ने बताया कि 11 नवंबर रात में आरोपियों ने फोन कर 50 हजार रूपये की मांग की तथा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। इससे पूर्व आरोपी पांच हजार रूपये ले जा चुके है।

### सुशीला गुप्ता राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत

**उदयपुर, (कासं)।** अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता खेतावत ने उदयपुर जिला अग्रवाल महिला सम्मेलन की जिला अध्यक्ष एवं समाज सेवा में अग्रणी सुशीला गुप्ता को अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन का राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया है। यह मनोनयन वर्ष 2024 से वर्ष 2026 तक 2 वर्ष का रहेगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूरे देश में अग्रवाल समाज का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र राष्ट्रीय संगठन है जिसकी 23 देशो में भी अंतरराष्ट्रीय इकाइयां स्थापित हो चुकी है।


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**
Email:-np_ntd@yahoo. Ph.-02953-233526

क्रमांक/न.पा.ना./तामीर/2024/12841 दिनांक : 12/11/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ व पता | आवेदिक सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री सुरेश पुरोहित पिता श्री जगदीश पुरोहित | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा, भूखण्ड संख्या 01 | अन्य की भूमि | 20 फिट चौडा रास्ता | 20 फिट चौडा रास्ता | भूखण्ड संख्या 02 |

**आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**



**SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India** रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001, ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणी को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं। अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणी का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/बंधक सम्पत्ति का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|
| श्री गणपत दास वैष्णव पुत्र श्री भंवर लाल वैष्णव फ्लैट नं. एल-36-जीएफ-01, किफायती आवास योजना के तहत मेगा आवास योजना, धोली मगरी, बेड़वास, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं सी/ओ चुण्डावतों का खेड़ा, वीपीओ किशन करेरी, तहसील डूँगला, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312402 | श्री गणपत दास वैष्णव पुत्र श्री भंवर लाल वैष्णव के नाम साम्यिक बंधक फ्लैट नं. एल-36-जीएफ-01, किफायती आवास योजना के तहत मेगा आवास योजना, धोली मगरी, बेड़वास, उदयपुर, राजस्थान-313001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 500.00 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: फ्लैट नं. जीएफ-04, पश्चिम: अन्य भवन, उत्तर: फ्लैट नं. जीएफ-02, दक्षिण: रोड़ | 19.09.2024 गैर निष्पादक आस्ति ( एनपीए ) दिनांक 18.09.2024 | दिनांक 18.09.2024 को बकाया राशि रू. 1,98,334.96 ( रूपये एक लाख अठानवे हजार तीन सौ चौंतीस एवं पैसे छियानवे मात्र ) ( दिनांक 18.09.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणी के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणी को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।
**कर्जदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

दिनांक: 12.11.2024 स्थान: उदयपुर
हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक



**SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India** रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001, ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणी को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं। अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणी का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/बंधक सम्पत्ति का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|
| सुश्री इच्छा सालवी पुत्री श्री गोवर्धन लाल मकान नं. 73, ई-ब्लॉक, यूआईटी कॉलोनी, पेट्रोल पम्प के पीछे, प्रताप नगर, उदयपुर, राजस्थान-313001 एवं फ्लैट नं. 104, प्रथम तल, सेलिब्रेशन रेजिडेंसी, राजस्व गाँव भुवाणा, जिला उदयपुर, राजस्थान- 313001 | सुश्री इच्छा सालवी पुत्री श्री गोवर्धन लाल के नाम साम्यिक बंधक आवासीय फ्लैट नं. 104, प्रथम तल, सेलिब्रेशन रेजिडेंसी जो प्लॉट नं. ए-11 एवं ए-12, खसरा नं. 435 से 447, राजस्व गाँव भुवाणा, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 67.38 वर्ग मीटर सुपर बिल्ट अप क्षेत्र या 61.25 वर्ग मीटर बिल्ट अप क्षेत्र है। सीमाएं- पूर्व: फ्लैट नं. 107, पश्चिम: ओटीएस एवं फ्लैट नं. 103, उत्तर: कोरिडोर एवं फ्लैट नं. 105, दक्षिण: अपार्टमेन्ट की खुली जगह | 05.11.2024 गैर निष्पादक आस्ति ( एनपीए ) दिनांक 28.10.2024 | दिनांक 28.10.2024 को बकाया राशि रू. 22,33,958/- ( रूपये बाईस लाख तैंतीस हजार नौ सौ अठावन मात्र ) ( दिनांक 28.10.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणी के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणी को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।
**कर्जदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

दिनांक: 12.11.2024 स्थान: उदयपुर
हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक


## बिंदोली निकाली

**राजसमन्द, (निसं)।** सौ फीट रोड पर बजरंग चौराहा स्थित बालाजी मंदिर की नवम वर्षगांठ के उपलक्ष में आयोजित तुलसी विवाह महोत्सव में धूमधाम और पूरी श्रद्धा के साथ मंदिर से ठाकुरजी की बिंदोली निकाली गई। श्री बालाजी महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश निष्कलंक ने बताया कि तुलसी विवाह महोत्सव के तहत सोमवार शाम को बालाजी मंदिर से ठाकुरजी और तुलसी माता को सुसज्जित रथ में विराजित कर हाथी-घोडे, बैंड और डीजे के साथ बिंदोली रवाना हुई। इसमें प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर का द्वारकेश बैंड के साथ ही तीन-चार अन्य बैंड भक्ति गीतों की धुनें बिखरते चल रहे थे। इनमें जिनी जिनी उडे रे गुलाल सांवरिया के मंदिर में, बन्नो मारो चारभुजा रो नाथ बनी मारी तुलसा लाडली, सांवरिया सेठ दे दे.. जैसे भजनों पर झूम-झूम कर नृत्य किया। पूरे मार्ग मेंबिंदोली का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। बिंदोली में मालीवाडा, भोइवाडा आदि के साथ अन्य स्थान के चारभुजा मंदिरों के ठाकुरजी को भी रथ में विराजित कर शामिल किया गया। बिनोली बालाजी महाराज के मंदिर बजरंग चौराहा से अंबेडकर सर्किल, सदर बाजार, शीतला माता मंदिर, दीनदयाल दयाल उपाध्याय सर्किल से होकर दानी चबूतरा, नायकवाडी से मालीवाडा एवं भोईवाडा के मंदिर में ठाकुरजी को पुन: विराजित करते हुए अंबेडकर सर्किल होकर पुन: बजरंग चौराहा स्थित बालाजी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

# शोध के लिए पैशन और पैशेन्स दोनों होना चाहिए : सारंगदेवोत

**बीएन में पीएचडी कोर्सवर्क कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन**



बीएन में पीएच डी कोर्सवर्क कार्यक्रम में प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत व अन्य मौजूद रहे।

**उदयपुर, (कासं)।** भूपाल नोबल्स विवि की स्नातकोत्तर संकाय द्वारा भूपाल नोबल्स विवि के सभागार में कोर्स वर्क कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपाल नोबल्स विवि के चैयरपर्सन प्रो. कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत ने शोधार्थियों को कोर्सवर्क के महत्व को बताते हुए कहा कि वर्तमान में शोध में नई पद्धतियों का समावेश हो रहा है। शोध मात्र एक सामान्य प्रक्रिया नहीं है, अपितु यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। शोध मौलिक एवं समाजसापेक्ष होना चाहिए। आज वही शोध महत्व का है जो मानवता, नैतिकता पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि शोध के लिए विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता होती है। उन्होंने अनेक प्रसंगों का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया में जितने भी शोध और आविष्कार हुए हैं उसके मूल में कडी मेहनत और अभ्यास है। शोध के लिए पैशन और पैशेन्स दोनों होना चाहिए। उन्होंने नवागंतुक शोधार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि उन्हें गंभीरता के साथ कोर्सवर्क का लाभ लेना चाहिए।

अध्यक्ष विद्याप्रचारिणी सभा के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने शोधार्थियों को कहा कि वर्तमान में तकनीकी सुविधाएं होने से शोध आसान हुआ है परन्तु मौलिकता में कमी आ रही है। इस तथ्य के बारे में विचार करते हुए शोधार्थियों को नए विषय को लेकर मौलिक काम करने की आवश्यकता है। केवल उपाधि प्राप्त करना ही शोधकार्य का उद्देश्य नहीं होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भूपाल नोबल्स विवि के कुलसचिव डॉ. निरंजन नारायण सिंह ने शोधार्थियों को कहा कि उन्हें कोर्सवर्क में होनेवाले विषयविशेषज्ञों के व्याख्यानों का पूरा लाभ लेना चाहिए और उनके द्वारा दिये मार्गदर्शन के अनुसार अपने शोध को श्रेष्ठता प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए।

इससे पूर्व स्नातकोत्तर अध्ययन संकाय के अधिष्ठाता डॉ. प्रेम सिंह रावलोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कोर्सवर्क ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से हो रहा है। कोर्स वर्क में दो सौ से अधिक शोधार्थी जुडे हुए हैं। कोर्स वर्क विवि अनुदान आयोग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मापदण्डों के अनुसार पाठ्यक्रम के आधार पर आयोजित किया जा रहा है। डॉ. अभय जारोली ने कोर्सवर्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्नातकोत्तर अध्ययन संकाय की सह अधिष्ठाता डॉ. माधवी राठौड ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

